an>

Title: Need to provide compensation to people distressed due to loss of life and property caused by flood particularly in Balaghat parliamentary constituency Madya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी एवं देश के अनेक राज्यों में इस समय मानसून की अत्यधिक वर्षा के कारण तथा बाढ़ की स्थिति से लोगों की जान-माल, खेती, मकान, पशु एवं सड़कें इत्यादि सम्पति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। जिसके कारण लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। लोगों के सामने जीविका उपार्जन का भारी संकट पैदा हो गया है। कई लोग बेघर हो चुके हैं। इस आपदा के समय में लोगों को सहारे की जरूरत है। राज्य की सरकारों तथा केन्द्र सरकार द्वारा सहायता प्रदान की गई है किन्तु वह पर्याप्त नहीं है।

मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यहां से जांच दल गठित कर प्रत्येक राज्य में भेजकर क्षति का आकलन कर तत्काल लोगों को क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने हेतु व्यवस्था करें।